# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर लगाकर दी जा रही योजनाओं की जानकारी

रायसेन।

रायसेन जिले में 17 दिसम्बर से निरंतर प्रतिदिन विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है।

गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गुलगांव तथा चिरहोली-14 में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कैलकच्छ तथा बारहकलां में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत समनापुर तथा सिंघपुरी उचेर में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नयागांव कलां, अकोला, छुछार तथा दिमाडा में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरखेडा सेतु तथा झिरीबहेडा में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बाडेर तथा सुकर्रा में और बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बासादेही तथा लखनपुर में पहुंची।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा



आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए।

शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही सूर्यनमस्कार सहित योग आसनों का भी प्रदर्शन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही मृदा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।

## खास-खबरें

### राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में रायसेन की 4 खिलाड़ी महक आरती, वर्षा एंव खालिद का चयन



**रायसेन।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय अंडर 14 हॉकी प्रतियोगिता दिनांक 28 दिसंबर 2023 से 01 जनवरी 2024 ग्वालियर में भाग लेने वाली 18 सदस्यीय मध्यप्रदेश बालिका टीम में हॉकी फीडर सेंटर मंडीदीप रायसेन की चार खिलाड़ी कु. महक मालवीय, कु. आरती कोंदल, कु. वर्षा डिंडोरे एंव बालक टीम में श्री खालिद खान का चयन किया गया है। जिले के इन चार खिलाड़ियों का चयन होने पर कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी, प्रशिक्षक श्री प्रहलाद राठौर तथा संध्या मेहरा ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**मंदसौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम सुरी, नेतावली, पिपलखेड़ी एवं नन्दावता, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा ढाबला एवं काचरिया कदमाला, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा परासली एवं मुंडला, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा गांधीसागर, प्रेमपुरिया, जनपद पंचायत सीतामऊ में ऐरा, बोलिया, बसई एवं धानड़ी में भ्रमण किया। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र व्यक्ति और गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यात्रा के दौरान संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गई ।

### शहर सीमा में वाहनों की द्रुतगति पर भी सख्ती से पावंदी लगाई जाए

**गंजबासौदा।** नगरी क्षेत्र में वर्तमान में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान छेड़ रखा है जिससे यातायात में सुधार हुआ है जागरूक नागरिकों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस को द्रुतगति के वाहन चालकों पर भी सख्ती वेपरना चाहिए क्योंकि देखने में आ रहा है कि तेज गति से वाहन ड्राइव करने वालों की चपेट में राहगीर बराबर आ रहे हैं खास तौर पर नई उम्र के लोग लहराते हुए गाड़ियां दौड़ते रहते हैं और दुर्घटनाएं होती रहती हैं इसके साथ-साथ ट्रैक्टर पर डेक लगे हुए हैं टेप रिकॉर्डर बज रहे हैं मोटरसाइकिल पर तीन-तीन चार-चार बैठकर निकल रहे हैं मोटरसाइकिल पर बैठकर कोई भी सामान पीछे खींचते हुए ले जा रहे हैं ऑटो में 8,10 लोग बैठे हुए हैं इन तमाम अव्यवस्थाओं से ट्रैफिक डगमगा रहा है और दुर्घटनाएं निरंतर हो रही हैं ।



# कलेक्टर सिंह ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

सीहोर।

जिले में कोरोना के नए वैरिएंट से आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कोरोना की स्थिति से निपटने के लिए जिला चिकित्सालय में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में आइसोलेशन वार्ड तथा आइसीयू में बेड में की व्यवस्था देखी और जिले में कोविड के मरीज मिलने की स्थिति में उनके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में कोविड संक्रमण से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपकरणों एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह जिला चिकित्सालय के आईसीयू में प्री फेब्रिकेटेड आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया और व्यवस्था देखी। उन्होंने कोविड संक्रमण से अन्य मरीजों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्री फेब्रिकेटेड आइसोलेशन वार्ड में ही फीवर क्लीनिक बनाने सैम्पल कलेक्शन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजो को किसी तरह की कोई परेशानी न आए, इसका भी ध्यान रखे। उन्होंने चिकित्सा स्टॉफ को सभी मरीजो को त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, नोडल अधिकारी डॉ. आरके वर्मा, डॉ. संजूलता भार्गव सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित थे।

## प्रताड़ित करने वाले ससुराल पक्ष के अपराधियों को कारावास एवं अर्थदण्ड

विदिशा (निप्र)।

न्यायालय मोना शुक्ला पाण्डे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिषा द्वारा दहेज की मॉग एवं ससुराल पक्ष द्वारा महिला को प्रताड़ित करने वाले अपराधियों विजय मालवीय अंतर्गत कोतवाली विदिशा आदि को 6 माह का सश्रम कारावास एवं धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 6-6 माह के सश्रम कारावास एवं धारा 323 में 3 माह के सश्रम कारावास एवं 4000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन के अनुसार फरियादिया द्वारा 10.07.2021 को थाने में इस आषय का आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि उसका विवाह इटारसी निवासी विजय मालवीय के साथ हुआ था। उसके विवाह में उसके पिता द्वारा सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया गया था। जब वह अपने ससुराल गई तो पति विजय, जेठ अजय, जेठानी आकृति, ननद नीलू उर्फ किरण ने कम दहेज लाने का कहकर उसके साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट की और कहा कि तुम दहेज में कुछ नहीं लाई हो, अपने बाप से पांच लाख रू. लेकर आ। इस प्रकार फरियादिया को वे लोग प्रताड़ित करने लगे।

दिनांक 23.03.2021 को उन लोगों ने फरियादिया के साथ गाली-गलौच की, जिसकी रिपोर्ट उसके द्वारा थाना इटारसी में की गई। जहां फरियादिया के पति ने उसे यह आष्वासन दिया कि वह उसे सही रखेगा और उसे वापस ले गया। तत्पष्चात दिनांक 25.03.2021 को फरियादिया के पति विजय द्वारा उसके जेठ अजय के कहने पर फरियादिया के साथ मारपीट की गई। फरियादी द्वारा लेख कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आरक्षी केन्द्र कोतवाली विदिशा द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया था तथा फरियादिया व अन्य साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए थे।

## मारपीट करने वाले 12 अपराधियों को कारावास, अर्थदण्ड

**विदिशा ( निप्र )।** न्यायालय सुश्री निषा रघुवंषी,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला विदिशा ने मारपीट करने वाले अपराधियों निवासी अंतर्गत थाना करारिया राजेष मीणा, वीरेन्द्र मीणा, ओमप्रकाष सिंह मीणा को कारावास एवं 400-400 रू. का अर्थदण्ड तथा जितेन्द्र मीणा, अर्जुन सिंह मीणा, जसवंतसिंह मीणा, शैलेन्द्र मीणा, रंजीत सिंह मीणा, त्रिलोक मीणा, जयवर्धन मीणा, गौरव मीणा, दीपेन्द्र मीणा निवासी मढिया खुर्द जिला विदिषा को 6 माह कारावास एवं 250-250 रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन के अनुसार दिनांक 06.11.2016 को दिन के 3 बजे फरियादी सुगनाखेड़ी स्कूल से नहर चुनाव के बाद घर आया थॉ वह अर्जुन सिंह के विरोध में चुनाव लड़ा था जिसमें वह हार गया था। घर पर वह एवं उसके भाई चाय पी रहे थे। तभी अपराधियों ने एक राय होकर हाथ में डंडा लेकर आए और अष्लील गालियां देकर बोले की ''हमारे खिलाफ चुनाव लड़ा है तेरी इतनी हिम्मत हो गयी है'' और फरियादी एवं उसके बड़े भाई की गाड़ी में ईंट डंडा मारकर कांच तोड़ दिये। उसके बाद राजेष मीणा, ओमप्रकाष मीणा, वीरेन्द्र मीणा उसके घर में घुस आये और राजेष ने डंडा मारा जो उसे एवं उसके बड़े भाई को लगा। अपराधी कह रहे थे कि अबकी बच गया आईन्दा जान से खत्म कर देंगे।

## सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र की जनता को परेशानी से मिलेगा छुटकारा

गंजबासौदा। पलोड पेट्रोल पंप वाली पुलिया से मील रोड की ओर जाने वाली सड़क करीब आधा किलोमीटर का निर्माण कार्य नपा द्वारा चालू करवा दिया गया है। इस मार्ग का निर्माण पहले रह गया था जिससे वाहन चालको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब आधा किलोमीटर के दायरे में यहां सीसी निर्माण कराया जा रहा है।

नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि कई साल पहले यहां डामर रोड था लेकिन आसपास के घरों से निकलने वाले पानी के कारण वह टिक नहीं पाया था। जिस कारण आधा किलोमीटर के हिस्से में गड्ढे हो गए थे और सभी को परेशानी उठाना पड़ रही थी। अब पुलिया से इस रोड की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है और आगे चलकर इसको लेबलिंग कर मिलवा दिया जाएगा ताकि यह सीसी ऊंची नीची ना हो। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि इस सीसीकरण को पूरा होने में एक माह लगेगा और तब तक के लिए यह मार्ग बंद किया गया है ताकि इसका निर्माण कार्य ठीक से कराया जा सके। यहां से निकलने वाले वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए सुलभ कांप्लेक्स के बगल से बने कच्चे मार्ग से वाहन चालक आसानी से निकल सकते हैं। इस वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार ने बताया कि नपा अध्यक्ष से इस सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र कराये जाने का अनुरोध किया गया था और यह निर्माण कार्य चालू करवा दिया गया है।

इस सीसी करण निर्माण कार्य का एसडीएम विजय राय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जे ई मदनलाल अहिरवार,यातायात प्रभारी के अलावा अन्य नागरिक भी मौजूद थे। निरीक्षण करते समय एसडीएम विजय राय ने सड़क के चौड़ीकरण पर जोर दिया। साथ ही इस बीच आ रहे विद्युत खम्बों को भी हटाये जाने के लिए विद्युत कंपनी के कर्मचारियों से कहा। एसडीएम विजय राय ने यह भी कहा कि आधा किलोमीटर के इस सड़क निर्माण कार्य में आ रहे अतिक्रमण को भी प्रभावी रूप से हटा दिया जाए। ताकि सीसी करण में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो। नगर पालिका ने पुलिया के पास से विद्याश्री लांज तक एवं सुलभ कांप्लेक्स के पीछे से मेन रोड तक पृथक पृथक जो पहुंच मार्ग बनाए हैं जिससे इस मार्ग पर दबाव कम रहे इस सड़क के दोनों और अतिक्रमण बढ़ने से सड़क संकीर्ण हो गई है अब नगर पालिका ने यह सड़क का निर्माण कराया है जिसे आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

## न्यू मुरली कॉलोनी के दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना


सीहोर। न्यू मुरली कॉलोनी इन दिनों चोरों के निशाने पर आ गई है। रात में यहां अज्ञात चोरों ने दो मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जबकि एक मकान में चोरी की नीयत से घुसने की कोशिश की। चोर यहां सीसीटीवी कैमरे में भी नजर आ रहे हैं।

मामले में लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को आवेदन दिए हैं। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोपाल नाके के नजदीक स्थित न्यू मुरली कॉलोनी में आधी रात को अज्ञात चोरों ने पहले यश राठौर के मकान में गेट से कूदने की कोशिश की, लेकिन यहां उन्हें कोई आहट सुनाई दी तो भाग खड़े हुए। इसके बाद लखन मेवाड़ा के मकान में किराए से रहने वाले सुमित के यहां चोरों ने हजारों रुपए नकद, कपड़े और दो बेग सहित अन्य सामान चोरी किया। बताया गया है कि चोरों ने दीपक परमार के मकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यहां से चोर सोने की दो अंगूठी, चांदी की दो बिछुड़ी और सोने के दो टॉप्स चुरा कर ले गए हैं। बता दें कि दो दिन पहले चोरों ने चाणक्यपुरी में भी एक मकान में चोरी की वारदात की थी। चोरी के इन सभी मामलों में अभी चोरी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। देखा जा रहा है कि जैसे-जैसे ठंड का असर बढ़ता जा रहा है।

## हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी

**नागदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उद्देश्य संपूर्ण भारत में समाज के हर एक वर्ग व अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचे इसको दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है ।इसी के तहत दिनांक 28 दिसंबर को नागदा नगर के वार्ड क्रमांक 2 में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से वार्ड 21 मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ पी गहलोत के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।

## एसपी ने देर रात किया थानों का औचक निरीक्षण



**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बुधवार देर रात जिले के इछावर और आष्टा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रात्रि गश्त प्वाइंट सहित थानों का रिकार्ड चेक कर थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी देर रात सीहोर जिले के इछावर और आष्टा थाने पहुंचे और दोनों थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। बताया गया है कि इस महीने ऐसा पहली बार हुआ है जब जिला पुलिस अधीक्षक देर रात को अचानक किसी थाने पहुंचे हो। पुलिस अधीक्षक के अचानक पहुंचने से स्थान का स्टाफ भी आश्चर्यचकित रह गया, क्योंकि देर रात उनके सामने जिला पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक ने थाने पहुंचने के बाद रिकॉर्ड से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र की और थाना प्रभारी को भी निर्देश दिए। थानों में संधारित किए जाने वाले विभिन्न रिकॉर्ड जैसे आगंतुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, थानों का जरायम रजिस्टर एवं हवालात चेक कर थाना परिसर को चेक किया गया।

## भूसे के ढेर में दबने से महिला की मौत

**सीहोर।** मण्डी थाना क्षेत्र के ग्राम महोड़िया स्थित भूसे के कारखाने में काम कर रही 45 वर्षीय महिला मजदूर की भूसे के गुटके के ढेर में दबने से मौत हो गई। वहीं ग्राम सेमली कलां में 16 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार मण्डी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महोडिया में भूसे से गुटके बनाने का कारखाना है। जहां 45 वर्षीय महिला लक्ष्मीबाई पत्नी मुंशीलाल काम करती थी। बुधवार की शाम लगभग सात बजे जब वह काम कर रही थी, तभी अचानक गुटकों का बड़ा ढेर उस पर आ गिरा, जिससे वह दब गई, जब तक उसे निकाला जाता, दम घुटने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## सेवा बस्ती में संस्था मानस ने स्वेटर और स्टेशनरी का किया वितरण



देवास। बढ़ती ठण्ड को देखते हुए संस्था मानस ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए सेवा बस्तियों में नई ब्रांडेड स्वेटर और स्टेशनरी का वितरण किया। संस्था मानस द्वारा देवास मैं गौ सेवा वाहन चलाकर गौ सेवा के साथ जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा की निशुल्क की तैयारी भी कराई जा रही है। वहीं सेवा बस्ती में प्रति सप्ताह निशुल्क शिक्षक के साथ शिक्षण सामग्री बांटकर त्यौहार मनाया जाता है और उपयोगी वस्तु भी भेंट की जाती है। इस दौरान जेल सुपरिंटेंडेंट में हिमानी मनावरे, भारतीय जीवन बीमा एडीएम भावेश शर्मा, विकास अधिकारी आशीष परिहार, समाजसेवी मीना राव, कुमेंर सिंह वर्मा, संस्था सचिव राजेश पटेल, कुमेर सिंह वर्मा, महेंद्र सेंधव, श्री अस्के, माखन सिंह चौहान, मोनू, खुशी सांगते और अतिथियों ने स्वेटर वितरण किया। साथ में बच्चों को स्टेशनरी भी वितरित की।

## सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा में आता है निखार: डा. अंजना तिवारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम शाला अध्यक्षा डॉ. (श्रीमति) अंजना तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शाला प्राचार्या श्रीमति शशिकिरण श्रीवास्तव द्वारा शाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। शाला अध्यक्षा डाक्टर श्रीमती अंजना तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा निखर के आती है। कार्यक्रम के दौरान शाला अध्यक्षाजी डॉ (श्रीमति) अंजना तिवारी के अलावा शाला प्रबंध समिति से प्रबंधक डॉ. (श्रीमति) रश्मि श्रीवास्तव ,कोषाध्यक्ष श्रीमति सुजाता सिंह, सचिव श्रीमति प्रतिभा पाणी, महिला मंडल प्रबंध समिति सदस्य, अभिभावक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में कार्यालय इंचार्ज श्रीमति वंदना श्रीवास्तव, शाला शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

**स्पेशल खबर** 38 वीं इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस - 2023 का आज दूसरा दिन...

# कम्प्यूटर विज्ञान में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की बढ़ती चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

जबलपुर।

**इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय 38 वीं इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस - 2023 के दूसरे दिन आज देश-विदेश के प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने अनेक सामायिक, भविष्य के मुद्दों पर अपने विचार रखें।**

कम्प्यूटर विज्ञान में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की बढ़ती चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने गंभीर मंथन किया और इसके दूरूपयोग के कारण उत्पन्न खतरों से निपटने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञ ने ए.आई. के कारण नौकरी में विस्थापन, पूर्वाग्रह और



गोपनियतम के बारे में नैतिक चिंतायें, हैकिंग से सुरक्षा जोखिम, आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की।

**59 टेक्निकल पेपर हुये प्रस्तुत:** आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी श्री तरूण आनंद एवं श्री राजीव जैन ने बताया कि रीइमेजिनिंग टुमारो- शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरपटि्व एंड इंटरडिसिप्लिनरी टेक्नॉलाजीज थीम पर आयोजित इंजीनियरिंग कांग्रेस के दूसरे दिन आज इंजीनियरिंग की विभिन्न ब्रांचो के कुल 59 टेक्निकल पेपर प्रस्तुत किये गये, जिसमें भविष्य में हेल्थ केयर प्रोडक्ट, भारी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये कम खर्चे से चेसिस का निर्माण ,ईवी बैटरी को रिन्यूवल एनर्जी से चार्ज करने, स्मार्ट एनर्जी ग्रिड, सोलर पावर जनरेशन में ए.आई. का उपयोग, पावर ट्रांसमिशन सिस्टम में रीयल टाईम डाटा की अहमियत आदि विषय शामिल थे। कांग्रेस में मदन मोहन मालवीय गोरखपुर की डॉ. कृतिका सिंह सोमवंशी ने पालाथिन के विकल्प के रूप में राइस, सुगरकेन वगास से फाइबर की थैलियां आदि बनाने की महत्वपूर्ण तकनीक के विषय में बताया जो भविष्य में पॉलीथिन का विकल्प बनने जा रही है।

**प्रसिद्ध वैज्ञानिक श्री सुधीर मिश्रा को महापौर ने भेंट किया स्मृति चिन्ह:** 38 वी इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस - 2023 में हिस्सा लेने आये प्रसिद्ध वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स से जबलपुर के महापौर श्री जगत बहादुर सिहं अन्नू एवं उघोगपति श्री कैलाश गुप्ता ने मुलाकात की। महापौर श्री अन्नू ने विश्व प्रसिद्ध सुरक्षा वैज्ञानिक एवं इंजीनियर श्री सुधीर कुमार मिश्रा का सम्मान करते हुये उन्हे समृति चिन्ह भेंट किया। महापौर श्री अन्नू ने सभी विशेषज्ञों से जबलपुर के विकास के लिये राय मांगी और अश्वासन दिया की इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के सुझावों को जबलुपर हित में लागू करने में कोई हिचक नही होगी। श्री कैलाश गुप्ता ने सभी आंगतुक मेहमानों का स्वागत करते हुये उन्हे अपनी तरफ से भेड़ाघाट और डुमना नेचर पार्क के भ्रमण की वाहन सहित सम्पूर्ण व्यवस्था की।